नजर में आ जाओ

नजर में आ जाओ,
नजर में आ जाओ घनश्याम आँखे चार हो जाए,
तुम्हे दिल में बिठा लू और बाते चार हो जाए,
नजर में आ जाओ......

बड़ी ही बेकरारी है के तेरी इंतजारी है,
ये तेरी संवरी सूरत मुझे तो जान से प्यारी है,
ज़रा तुम सामने बैठो तेरा दीदार हो जाए,
नजर में आ जाओ......

कही लगता नहीं प्यारे मेरा ये दिल तुम्हारे बिन,
ना कट ती है मेरी राते न कट ता है मेरा दिन,
तुम्हारे नाम के सदके ये जीवन पार हो जाये,
नजर में आ जाओ......

तुम्हारे ही भरोसे पर है छोड़ा इस ज़माने को,
मिले ब्रिज वास अब थोड़ा तुम्हारे इस दीवाने को,
तुम्हारे पागलो से अब मुझको तो प्यार हो जाये,
नजर में आ जाओ......

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/6225/title/najar-me-aa-jaao-ghanshyam-ankhe-chaar-ho-jaaye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |